राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, शनिवार 25 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 46 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### दिव्यांगों को व्हीलचेयर से लायेंगे बूथ

धनबाद। मतदान केंद्रों पर एएमएफ की व्यवस्था की गई है. दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए भी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी. दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है. जो मतदाता मतदान केंद्र तक पैदल पहुंचने और सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने में जिसे दिक्कत हो रही है, उनके विशेष वाहनों की व्यवस्था की गई है. मतदाताओं की मदद के लिए वोलेंटियर्स की व्यवस्था की गई है. मतदान को लेकर मतदान कर्मियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है. मतदान कर्मी लोकतंत्र के इस महापर्व में अहम जिम्मेदारी निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार भी है.

### बंद कमरे में मिला युवक का शव

धनबाद : धनबाद थाना क्षेत्र के लुबी सर्कुलर रोड इलाके से एक युवक का शव उसके कमरे से बरामद किया गया है. युवक संजय प्रमोद कुमार यहां किराए के मकान में अकेला रहता था. शुक्रवार को जब दिन में उसका फोन नहीं उठा तो रिश्तेदारों ने उसके दोस्तों को सूचित किया. इसके बाद वे लोग यहां पहुंचे तो देखा कि कमरा बंद है. संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस के समक्ष खोलकर देखने की बात कही जा रही है. स्थानीय पार्षद अशोक पाल भी पहुंचे थे. उनके मुताबिक संजय को कमरे में पड़ा देखा गया, संदेह है कि रात में उसे हार्टअटैक आया हो, हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

### नाटक से मतदाताओं को किया जागरुक

धनबाद। धनबाद संसदीय क्षेत्र में शनिवार को मतदान किया जाएगा. जिले वासियों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाताओं को जागरूक किया गया. इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अपने घरों से निकलकर अवश्य मतदान करने के लिए जागरुक किया गया. साथ ही मतदाताओं को बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, शेड सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है.

### झरिया के बच्चों ने समर कैंप में की मस्ती

झरिया। मारवाड़ी विद्यालय झरिया में शुक्रवार को समर कैंप का आयोजन किया गया. समर कैंप में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ललित कटेसरिया, उपाध्यक्ष सत्यनारायण भोजगड़िया, संयुक्त सचिव महेश जलूका, अनूप लिल्हा, सदस्य अनिल केजरीवाल विशेष रूप से मौजूद थे. अपने संबोधन में अध्यक्ष ललित कटेसरिया ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है.

**लोकतंत्र का महापर्व** धनबाद-बोकारो व गिरिडीह लोकसभा में मतदान आज, ईवीएम में कैद होंगे वोट

# ...तो चलिए चुनते हैं अपना सांसद

टीम। धनबाद

प्रशासन की तमाम मशक्कतों और प्रयासों के बीच वो दिन आ गया, जिसका हम सभी को इंतजार था. आज मतदान है, हम अपना और पूरे जिले के साथ-साथ देश के लिए नेता चुनेंगे. जो पांच साल तक हमारी अधिकारों की रक्षा करने का काम करेंगे, जो हमें मूलभूत सुविधाओं से लैस रखने का काम करेंगे. इवीएम की सिर्फ एक टें.. की आवाज हालात को बदलने की शक्ति रखती है और ये टें.. की आवाज आपकी अंगुली की बेहद मामूली सी दबिश पर ही गूंज जाएगी. तो फिर उठिए, चलिए... उस नारे को सार्थक रूप देते हैं, जिसमें कहा गया है.. पहले मतदान फिर जलपान... चुनते हैं अपना सांसद, क्योंकि अब जनता को ये मौका पांच सालों के बाद ही नसीब होगा.





## सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए शनिवार को मतदान होगा. मतदान केंद्रों के लिए सभी पोलिंग पार्टियां मतदान संपन्न कराने के लिए बाजार समिति धनबाद, राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद और राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा से सुरक्षित रवाना हो गयी. तीनों डिस्पैच सेंटरों में अलग अलग डेस्क बनाए गए थे, ताकि मतदान केंद्र पर रवाना होने से पहले मतदान कर्मी पूरी मतदान की प्रक्रियाओं और मतदान से संबंधित निर्देशो के साथ पोलिंग बूथों पर पहुंचे. पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के समय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा सुरक्षित व त्रुटिरहित मतदान करने का संदेश पोलिंग पार्टियों को दिया गया और कहा गया कि स्वच्छ निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे. निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष बनाये रखने के लिए माईक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गई है. सेक्टर दण्डाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है. शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व स्वच्छ मतदान के लिए सुपर जोनल दण्डाधिकारी, सुपन जोनल पुलिस पदाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी, जोनल पुलिस पदाधिकारी के रूप में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है. मतदान केंद्रों में इस बार सभी मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है.

**खास बातें**

- केंद्रों तक पहुंची पोलिंग पार्टियां, अधिकारी-जवान तैनात
- सुरक्षित व त्रुटिरहित मतदान कराने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

## 55 नक्सल प्रभावित बूथों में कड़ी सुरक्षा

धनबाद : धनबाद के 55 नक्सल प्रभावित बूथों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. नक्सल प्रभावित बूथों के अलावा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों में भी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है. जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए 43 कंपनियां लगाई गई हैं. इनमें सीआरपीएफ के साथ झारखंड जगुआर भी शामिल है. इसके अलावा 28 क्विक रिस्पांस टीम भी बनाई गई है, जो सूचना मिले के त्वरित बाद एक्शन में आकर किसी भी हालात से निबटने के लिए तैयार रहेगी.

बताते चलें कि धनबाद जिले में टुंडी इलाके में तीन दर्जन से अधिक नक्सल प्रभावित मतदान केंद्र हैं. इन केंद्रों में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए पुलिस ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है. धनबाद पुलिस लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते रही और यहां के आम लोगों के संपर्क में रही. मतदान के दिन इन बूथों का क्या माहौल रहेगा, ये शनिवार को तय हो जाएगा. इन नक्सल प्रभावित बूथों में सीआरपीएफ और जगुआर के जवानों की तैनाती की गई है. इसके अलावा टुंडी के आसपास भी क्यूआरटी को तैनात रखा जाएगा. पुलिस केंद्र में रिजर्व पुलिस बल भी रखे गए हैं, जो पूरे जिले में किसी आशंका या वारदात पर कुछ मिनटों में पहुंचने के लिए तैयार रहेंगे.

**खास बातें**

- 43 कंपनी, 28 क्यूआरटी के साथ सीआरपीएफ व जगुआर की भी तैनाती
- पुलिस केंद्र में अलर्टमोड पर रहेगा रिजर्व बल, सूचना पर पहुंचेंगे स्पॉट

## एक नजर चुनाव की सुर्खियों पर

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 22,54,445 |
| पुरूष | 11,81,197 |
| महिला | 10,73,170 |
| थर्ड जेंडर | 78 |

### आचार संहिता उल्लघंन की 43 शिकायतें

आदर्श आचार संहिता उल्लघंन के मामले की कुल 43 शिकायतें आई हैं. अलग-अलग चेकनाका से वाहन चेकिंग दौरान 2 करोड़ 36 लाख रुपया तथा 43.5 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है.

### सारी जनसभाओं की हुई वीडियोग्राफी

अभी तक तक जिले में प्रत्याशियों की जितनी सभाएं हुई है, उनसभी की हमारी एफएसटी की टीम ने कवरेज किया है. उनसभी सभाओं की जांच की जा रही है, गडबड़ी मिलने पर कार्रवाई होगी.

### आयोग को भेजी गई ढुल्लू की जानकारी

नामांकन के दौरान भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो द्वारा अपने पते की गलत जानकारी दिये जाने की खबर स्क्रुटनी के समय हुई थी. निर्वाचन आयोग को इस बात की खबर भेजी गई है. वहां से आदेश आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी.

### वोट बहिष्कार का तनाव रहा कायम

वोट के बहिष्कार करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने उस स्थान का दौरा किया है, जहां लोग वोट के बहिष्कार करने की बात कह रहे हैं, जो काम तत्काल होने वाला है, उसे पूरा करा दिया गया.

### मतदान कर्मियों के लिए 874 वाहन

मतदान कर्मियों के लिए 499 बसे तथा 375 छोटे वाहनों की व्यवस्था थी. जो डिस्पैच सेंटर से कर्मियों को बूथ तक लेकर गया और फिर सभी को एक साथ वापस लेकर आएगा.

### 65 इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम

निरसा, धनबाद व टुंडी के लिए 12 - 12, झरिया के लिए 11 तथा सिंदरी व बाघमारा विधानसभा के लिए 9 - 9 सहित कुल 65 इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं.

### मतदान केंद्रों से होगी वेब कास्टिंग

मतदान के दिन कलेक्ट्रेट में विधानसभा वार कंट्रोल रूम बनाया गया है. प्रत्येक मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी. कंट्रोल रूम में टेली कॉलर भी मौजूद रहेंगे. मेडिकल प्लान भी तैयार है. सीएचसी, पीएससी में डॉक्टर, नर्स, एंबुलेंस तथा सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहेंगी.

**गिरिडीह सदर अस्पताल का हाल** डाक्टर सरकारी - प्रैक्टिस प्राइवेट

# निजी क्लीनिक में नोट छाप रहे डॉक्टर

अभय वर्मा। गिरिडीह




- **दावा**–सभी दवाइयां की उपलब्धता का
- **सच्चाई**–हर मरीज को मेडिकल स्टोर का सहारा

सदर अस्पताल की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यहां संसाधन तो खूब बढे. पर चिकित्सकों के लापरवाह रवैया या यूं कहें कि प्राइवेट क्लीनिक में प्रैक्टिस का मोह अस्पताल की बदहाल व्यवस्था का मुख्य कारण है.प्रावधान के तहत सदर अस्पताल में पदस्थापित 10 चिकित्सकों को अपराह्न तीन बजे तक अस्पताल में अपनी सेवा देनी है, पर इनमें अधिकतर अपनी निजी क्लीनिकों में व्यस्त रहते हैं. ये डाक्टर सदर अस्पताल के पास ही डॉक्टर लेन में स्थित निजी क्लीनिकों में नोट छापने में व्यस्त रहते हैं. शुक्रवार को करीब 11:00 बजे जब शुभम संदेश की टीम सदर अस्पताल पहुंची तो ओपीडी में केवल डॉक्टर रविकांत ड्यूटी पर तैनात थे,बाकी का कहीं कोई अता पता नहीं था. सबसे चकित करने वाली बात यहां यह है कि सदर अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सक रोस्टर खुद तय करते हैं. आईसीयू की बात करें तो यहां भर्ती मरीजों को अधिकतर दवाइयां बाहर से ही मंगानी पड़ती है. हालत यह है कि आयुष्मान कार्ड धारक को भी ऐसी परेशानी झेलनी पड़ती है. आईसीयू में अधिकतर गंभीर मरीज ही आते हैं, ऐसी स्थिति में कौन दावा करेगा कि दवा देने का प्रावधान है. हालांकि दावा किया जाता है कि यहां सारी दवाइयां उपलब्ध हैं. लेकिन ऐसा कभी नहीं होता कि सभी दवा काउंटर पर उपलब्ध हों. सदर अस्पताल में आउटसोर्सिंग के 20 सफाई कर्मी हैं. इन कर्मियों को अस्पताल साफ-सुथरा रखने की जिम्मेवारी हैं, लेकिन दोपहर होते-होते इसकी स्थिति नारकीय हो जाती है. बदबू और दुर्गंध अस्पताल की पहचान बन चुकी है. भर्ती मरीजों के लिए भोजन हमेशा समय पर ही आता है पर इसकी क्वालिटी में कई बार अंतर रहता है. कभी दूध गायब तो कभी अंडा.सदर अस्पताल में आमतौर पर घायल, गर्भवती मरीजों की संख्या अधिक रहती है, ओपीडी में सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रहती है.

**खास बातें**

- दिन के 11 बजे सिर्फ एक डाक्टर मिले, शेष थे अस्पताल से गायब
- 20 सफाईकर्मी के बावजूद सड़ांध-दुर्गंध बन चुकी है अस्पताल की पहचान



# चांदमारी कोलियरी में कर्मियों को बंधक बनाकर लूटपाट की

## स्थानीय लोगों में आक्रोश, चांदमारी कोलियरी में हंगामा

- केबल लूटने से कई इलाकों की बिजली-पानी की सप्लाई बंद

संवाददाता। धनसार



बस्ताकोला क्षेत्र चांदमारी कोलियरी में गुरुवार की रात लूटेरों ने कर्मियों को बंधक बनाकर हॉलेज घर से पचास फीट केबल लूट ली. लूटी गई केबल की कीमत ढाई लाख बताई जा रही है. केबल कटने से दस हजार आबादी वाला क्षेत्र चांदमारी आठ नम्बर, इस्ट बस्ताकोला व नौ नंबर कालोनी में पिटवाटर व बिजली आपूर्ति ठप हो गई. घटना से गुस्साए लोगों ने चांदमारी कोलियरी में जमकर हंगामा किया.

ग्रामीणों ने कोलियरी के बगल की बस्ती हल्दी पट्टी में जाकर अपराधी किस्म के लोगों की तलाश की. लेकिन यहां से सभी फरार थे. कई कचरा गोदाम में भी केबल को खोजा गया. गोदाम संचालकों को अपराधियों से केबल न खरीदने की हिदायत दी. इसके बाद बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की गई. बता दें कि हालैज घर के समीप पूर्व में सीआईएसएफ जवान की ड्यूटी रहती थी लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन ने यहां से जवान की ड्यूटी हटा ली. तब से यहां बीसीसीएल के गार्ड ही तैनात रहते हैं.

गुरुवार की रात धरमबीर,दुर्गा राय, प्रकाश साव,रामेश्वर महतो व दिलीप कुमार ड्यूटी पर थे. तभी एक दर्जन से अधिक नकाबपोश सशस्त्र अपराधियों ने धावा बोल दिया. अपराधियों ने कर्मियों पर पथराव भी शुरू कर दिया.

कर्मी कुछ समझ पाते की इनलोगों को लूटेरों ने घेर लिया और फिर बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया. इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन ने जानबूझकर कर हॉलेज घर के समीप से सीआईएसएफ की ड्यूटी हटा दी है. प्रबंधन यहां से लोगों को हटाने के उद्देश्य से इस इलाके मे जलापूर्ति व बिजली आपूर्ति बंद करने की मंशा बना रखी है. बता दें कि चांदमारी कोलियरी को बीसीसीएल ने वर्षों पूर्व बंद कर दिया है.इस खदान से इस इलाके में बिजली-पानी आपूर्ति की जाती है.

**खास बातें**

- ग्रामीणों ने की प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी
- लूटे गये केबल की कीमत ढाई लाख से अधिक

**चिंताजनक** सोच में परिवर्तन लाकर हवा-पानी को स्वच्छ रखने की करनी होगी पहल

# काफी भयावह हो गई है पर्यावरण की स्थिति

संवाददाता। महुदा




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रवि महतो स्मारक टीचर ट्रेनिंग कॉलेज महुदा के प्रांगण में संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी में झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों के महाविद्यालयों के प्राचार्य, आचार्य और समाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया.

गोष्ठी में पर्यावरण को सुरक्षित रखने और अपने क्षेत्र में पौधरोपण करने के लिए चर्चा की गई. संगोष्ठी को संबोधित करते हुए आरएसपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उपेन्द्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण की स्थिति काफी भयावह हो गयी है. इसे बचाने ओर इसका संरक्षण देने की जिम्मेदारी सभी की है. अब सिर्फ चिंतन करने का समय नहीं रह गया है. बल्कि उस पर सभी को कार्य करने की आवश्यक्ता है. उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधा लगाने से कुछ नहीं होगा, बल्कि अपने सोच में परिवर्तन लाकर हवा व पानी को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक होना होगा.

चूंकि आज का यह संगोष्ठी प्रशिक्षित शिक्षको के बीच हो रहा है. इसलिए यह प्रभावी जरूर होगा. यदि हम तुरंत पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं होंगे तो स्थिति बहुत खतरनाक हो जायेगी और धीरे-धीरे मानव जीवन का यहां रहना मुश्किल हो जायेगा. कार्यक्रम का संचालन मो.सादिक कुरैशी और मधु कुमारी ने किया. धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डॉ.आर के यादव ने किया. गोष्ठी को महाविद्यालय के संस्थापक सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो समेत अन्य महाविद्यालयों से आये डा. सुधा मिश्रा, डॉ.दिनकर दीक्षित, डा.डीके सिंह आदि ने संबोधित किया.

**खास बातें**

- रवि महतो टीचर ट्रेनिंग कॉलेज महुदा में संगोष्ठी
- चिंतन करने का समय नहीं रह गया, करना होगा काम

### चुनाव ड्यूटी के लिए सामग्री लेने गए शिक्षक बेहोश

धनबाद। पॉलिटेक्निक में चुनाव ड्यूटी के लिए सामग्री लेने के दौरान शिक्षक नारायण दे शुक्रवार की सुबह बेहोश हो गए. उन्हें एसएनएमएमसीएच की इमरजेंसी में ले जाया गया. जहां इलाज के बाद सर्जिकल आईसीयू में भर्ती कराया गया है. शिक्षक की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है. उन्होंने बताया कि वे टुंडी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दोमुंडा में पदस्थापित हैं. चुनाव में उनकी ड्यूटी झरिया के बूथ नंबर 291 बालिका मध्य विद्यालय नुनूडीह में लगी है. चुनाव सामग्री लेने के लिए पॉलिटेक्निक गए थे. वहां सामग्री लेने के दौरान काफी तेज गर्मी लगने लगी. पंखा भी नहीं चल रहा था. अपने साथी को बोलकर वे खुली हवा में बाहर निकले और कुर्सी पर बैठे. इसके बाद कुछ याद नहीं है. होश आया तो खुद को अस्पताल के बेड पर पाया.

हाल राजधानी जैसी महत्वपूर्ण ट्रेन का

# 16 बेटिकट यात्री दूसरे के बर्थ पर कर रहे थे सफर

संवाददाता। धनबाद

नई दिल्ली से हावड़ा जा रही नई दिल्ली-कोलकाता राजधानी एक्सप्रेस में 16 बेटिकट यात्री दूसरे के बर्थ पर विभिन्न कोचों में सफर करते मिले. यात्रियों के कहने के बावजूद जब नहीं हटे तो हंगामा होने लगा. जब एक-दो यात्रियों ने ट्वीट कर मामले की जानकारी रेलवे बोर्ड को दी तो हावड़ा जोन व आसनसोल रेल मंडल हरकत में आई. सूचना मिलने पर आसनसोल स्टेशन से मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीटीई सवार हुए यात्रियों पर कार्रवाई की गई. सभी यात्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से सवार हुए थे. उस समय कई कोच में जहां-तहां सीट खाली थी. टीटीई से सेटिंग कर खाली बर्थ पर सवार हो गए. जब यात्री धनबाद से सवार हुए तो उन्हें उनके बर्थ पर दूसरे लोग सोए हुए नजर आए. जब कहा गया कि बर्थ खाली कर दें, तो बेटिकट यात्री कहने लगे कि टीटीई ने बर्थ दिया है. टीटीई की खोज की गई तो वे दूसरे कोच में थे. यात्रियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया. जिसमें एक-दो यात्री रेलवे बोर्ड को एक्स पर ट्वीट कर दिया. फिर धनबाद से लेकर हावड़ा तक फोन की घंटिया बजने लगी. 8 टीटीई के खिलाफ शिकायत की गई है.

**खास बातें**

- 8 टीटीई के खिलाफ रेलवे बोर्ड से शिकायत
- यात्रियों ने ट्वीट कर दी थी रेलवे बोर्ड को जानकारी

# गोमो-तेतुलमारी में भोक्ता पर्व की धूम

- 40 फीट की ऊंचाई पर कील से बंधी रस्सी के सहारे भक्तों ने की परिक्रमा



गोमो। तोपचाची प्रखंड के हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खेड़ा बेड़ा शिव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को चड़क पूजा पारंपरिक तरीके से श्रद्धा भक्ति के साथ ढोल नगाड़े की थाप पर धूमधाम से मनायी गई. आस्था के महान पर्व पर शिव भक्तों ने अपने शरीर के पीठ व अन्य हिस्सों में लोहे की कीलें चुभो कर जमीन से 40 फीट की ऊंचाई पर भोक्ता खूंटे पर कील से बंधी रस्सी के सहारे लटक कर झूलते हुए परिक्रमा किया. जागेश्वर महतो, मंगल महतो, भगन ठाकुर, रेवत ठाकुर, जगदीश महतो और रूपक महतो सहित दर्जनों भोक्ता भगवान शिव की आराधना कर भोक्ता खूंटे पर लटके. भक्तों के झूलने का सिलसिला सुबह 7:00 बजे से दिन के 12:00 तक चलता रहा. इस दौरान ढोल नगाड़े के बीच शिव भक्ति में लीन महिलाएं नृत्य करते देखी गईं. इस मौके पर समिति के द्वारा मेले का भी आयोजन किया गया. जिसमें बडी संख्या में आसपास के इलाके के काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच कर मेला का लुत्फ उठाया. कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष गुरु चरण महतो, संजय कुमार ठाकुर, सुनील, काली चरण महतो, तिलक महतो, सुखलाल महतो, मुखिया प्रतिनिधि लालचंद महतो, पंचायत समिति सदस्य रामचंद्र ठाकुर व समाजसेवी फरकेश्वर महतो आदि शामिल रहे.

## नगरीकला स्थित शिव मंदिर मे उमड़ी भक्तों की भीड़





### शिव भक्तों को नहीं होता है दर्द

शिव भक्तों को शरीर में कई कील चुभने के बाद भी शरीर में दर्द नहीं होता है. भक्तों का आस्था का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है. पीठ की चमड़ी को खींचकर लोहे की हुक फंसाने और लोहे की कील को मुख और जीभ के आर-पार करने पर भी थोड़ा सा दर्द महसूस नहीं होता है.

## ब्रीफ खबरें

### चैंबर ऑफ कॉमर्स ने की मतदान की अपील



धनबाद। नवगठित चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार द्वारा 25 मई शनिवार को लोकतंत्र का पर्व चुनाव के दिन सभी व्यापारी बंधुओं, दुकान में काम करने वाले सहकर्मियों और धनबाद की जनता से मतदान करने की अपील की गई है. चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के सोहराब खान ने बताया है हम लोगों ने पुराना बाज़ार में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 25 मई को अपनी दुकान बन्द रखेंगे. बूथ पर जाकर अपना मतदान करने का संकल्प लिया है. शनिवार को लोकतंत्र का पर्व चुनाव है. हमलोग पूरे उत्साह के साथ बूथ पर मतदान करने जाएंगे. समस्त धनबादवासियों से आग्रह किया है कि अपना मतदान अवश्य करें.

### बेगुनिया बराकर चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक

बराकर। बेगुनिया बराकर चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक बैठक शुक्रवार को हुई. बेगुनिया बराकर चैंबर ऑफ कॉमर्स बेगुनिया के व्यवसायियों का संगठन है लेकिन कुछ समय से संगठन के सदस्यों ने अपने कार्य प्रणाली की रफ्तार धीमी कर दी है. संगठन द्वारा फिर से बाजार में अपने कार्य प्रणाली को गति प्रदान करने के लिए उक्त बैठक हुई है. इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चैंबर द्वारा पुनः व्यवसायियों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य आरंभ किए जाएंगे. उपस्थित सदस्यों ने बताया कि चैंबर से जुड़े हुए सदस्यों को किसी तरह की असुविधा न हो, इस बात की रणनीति बनाई जा रही है. इस अवसर पर शंकर शर्मा, सपन पाल ,खलील खान सहित अन्य व्यवसायी मौजूद थे.

### मैथन : जख्मी हालत में बेहोश मिली महिला

मैथन। गलफरबाड़ी रेलवे फाटक के पास बेहोश हालत में मिली महिला का जांच ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने किया. महिला की पहचान नहीं हो सकी है. महिला एसएनएमएमसीएच में इलाजरत है. घटना के संबंध में शुक्रवार को पूछताछ के लिए एसपी घटनास्थल पहुंचे. गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नितिश कुमार से भी घटना के संबंध में जानकारी ली गई. किसी ने भी एसपी को नहीं बताया कि महिला कहां से आई थी और कैसे जख्मी होकर बेहोश हुई थी. आसपास के लोगों ने कहा कि वे लोग महिला को नहीं जानते हैं. संभावना व्यक्त की जा रही है कि महिला के साथ कुछ गलत हुआ है, तभी उसके घरवाले सामने नहीं आ रहे हैं. महिला के होश में आने के बाद ही पता चल पाएगा.

### मारपीट कर हाथ तोड़ने का आरोप लगाया

धनबाद। कुस्तौर चार नंबर संतोषी मंदिर क्षेत्र के रहने वाले आकाश कुमार सिंह ने सरायढेला थाने में वीरकुंअर सिंह कालोनी निवासी मनीष सिंह के खिलाफ मारपीट कर हाथ तोड़ देने की शिकायत की है. आकाश के मुताबिक मनीष अक्सर उसका पीछा करता था, उसकी तस्वीर उसके मोहल्ले में दिखाकर पूछा करता था कि वह कहां मिलेगा. इस कारण आकाश उससे डरता था. एक दिन पूर्व आकाश के साथ उसने मारपीट कर दी. पहले पटक कर उसे पत्थरों से कूच-कूच कर पीटा, इसके बाद हाथ को मरोड़ कर तोड़ दिया. पुलिस दी गई शिकायत की जांच कर रही है.

# रांची के भाजपा नेता शैलेश कुमार सिन्हा ने छोड़ी पार्टी

## जयंत और राज सिन्हा को मिले नोटिस से थे आहत



संवाददाता। धनबाद

रांची भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेश कुमार सिन्हा ने पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी है. शैलेश लोकसभा चुनाव के बीच जयंत सिन्हा और राज सिन्हा को प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू की ओर से नोटिस दिए जाने से आहत हुए हैं. उन्होंने बताया है कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा जिस तरह से आम कार्यकर्ताओं की बात तो छोड़िए विधायक और सांसद को भी सुनिश्चित रणनीति की तहत अपमानित और हतोत्साहित करने की साजिश चल रही है. इससे मर्माहत होकर भारतीय जनता पार्टी प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के पूर्व मीडिया प्रभारी शैलेश कुमार सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी को छोड़ने का फैसला लिया है. उन्होंने कहा कि जब संजय सेठ समय महानगर रांची के अध्यक्ष हुआ करते थे, तो उस समय वह रांची महानगर में मीडिया प्रभारी का निष्ठा पूर्वक दायित्व निभाये थे. उस समय कार्यकर्ताओं को भी उचित मान सम्मान मिलता था. अब पार्टी ने धनबाद के विधायक राज सिन्हा को पंडित दीनदयाल उपाध्याय, जो राष्ट्रीय सेवक संघ के चिंतक और जनसंघ काल के अध्यक्ष की विचारधाराओं और उनके वक्तव्य को जनता के समक्ष रखा तो उन्हें पार्टी विरोधी करार दे दिया गया.

### पंडित दीनदयाल की विचारधारा से विमुख हो पार्टी को पहुंचा रहे नुकसान





भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि जनसंघ काल से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक में हर कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पार्टी हर कार्यक्रम शुरू करती है. उनकी विचारधाराओं को अगर पार्टी विरोधी विचारधारा मान लिया जाए तो पार्टी के नेता पार्टी को निश्चित रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं. वह राज सिन्हा से स्पष्टीकरण नहीं मांग रहे हैं बल्कि वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों का स्पष्टीकरण मांग रहे हैं. जनता इस पर फैसला लेगी. उसी तरह जयंत सिन्हा से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है स्पष्टीकरण मूलतः पार्टी का आंतरिक मामला होता है, लेकिन उसको भी मीडिया में सार्वजनिक करना गलत है. आगे कहा कि जिस सांसद को सांसद महारत्न से पुरस्कृत किया गया, उनसे स्पष्टीकरण मांगने का तौर तरीका पर पहले सोच लेना चाहिए था. अभी झारखंड में कई संसदीय क्षेत्र में चुनाव होना बाकी है. पार्टी के अंदर हजारों की संख्या में उपेक्षित कार्यकर्ताओं पर इसका क्या असर पड़ेगा.

### अधिकारी और जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात

कतरास/महुदा। धनबाद लोकसभा और 06 गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदान होना है. मतदान संपन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियां धनबाद व गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर पहुंच गई है. दंडाधिकारियों के साथ पुलिस अधिकारियों व जवानों की चप्पे-चप्पे पर तैनाती की गई है. मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा. जानकारी के अनुसार मतदान केंद्रों में एएमएफ की व्यवस्था की गई है. साथ ही दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के लिए भी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी. दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है. मतदान केंद्र तक पैदल आने में असमर्थ और सुदूरवर्ती इलाकों के लोगों के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था की गई है. मतदाताओं की मदद के लिए वोलेंटियर्स की भी व्यवस्था की गई है. 06 गिरिडीह 043 विधानसभा क्षेत्र बाघमारा का चुनाव को लेकर 355 बूथों पर तैयारी पूरी कर ली गई है. बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में 09 इन्टरमीडिएट स्ट्रोग सेन्टर बनाया गया हैं. महुदा क्षेत्र में 02 इन्टरमीडिएट स्ट्रोग सेन्टर बनाया गया हैं. जिसकी जांच सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी तोपचांची संजय कुमार सिंह ने उत्क्रमित उच्च विधालय कुंजी मे किया गया.

# सामान्य प्रेक्षक और डीसी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

## एनकॉर पोर्टल पर अपलोड करने के दिए निर्देश



**खास बातें**

- मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए बनाए गए वेब कास्टिंग रूम

संवाददाता। धनबाद

लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को सामान्य प्रेक्षक के थवसीलन और जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए बनाए गए वेब कास्टिंग रूम व मतदान दिवस के लिए गठित नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक व निर्वाची पदाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए बनाए गए वेब कास्टिंग रूम व मतदान दिवस पर प्रत्येक बूथ पर वे मतदान का विवरणी संकलित करते हुए तय समय सीमा के अंदर एनकॉर पोर्टल पर अपलोड करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए. मौके पर डीआईओ सुनीता तुलस्यान, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, डीपीओ यूआईडी अमित कुमार, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहें.

# टूटकर गिरा बिजली का तार घर-आंगन और गली में दौड़ा करंट

## बरोरा के मुराईडीह में बिजली का तार गिरने से मच गई अफरातफरी

**खास बातें**

- सूचना मिलने पर विभाग ने किया शट डाउन, टला बड़ा हादसा



संवाददाता। बरोरा

बरोरा बीसीसीएल क्षेत्र संख्या एक अंतर्गत मुराईडीह श्रमिक कॉलोनी जलमीनार के निकट पोल से टूटकर बिजली की तार गिरने से इलाके में अफरातफरी मच गई. कई घरों के साथ-साथ आंगन व गलियों में करंट दौड़ने लगा. आननफानन में किसी ने बीसीसीएल के बिजली विभाग को सूचना दी. उसके बाद शट डाउन किया गया. हालांकि बड़ा हादसा टल गया. किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ. स्थानीय लोगों का कहना है कि शुक्रवार को दिन के तीन बजे तेज आवाज के साथ पोल से बिजली की चिंगारी निकलने लगी. इसी दौरान फेंसिन तार पोल से टूट कर घर-आंगन व गली में गिर पड़ा. सड़क से गुजर रहे दो लोगों की जान बाल-बाल बच गई. इस घटना के बाद मुराईडीह श्रमिक कॉलोनी में रहनेवाले कर्मियों में बीसीसीएल प्रबंधन की कुव्यवस्था के खिलाफ काफी आक्रोश देखा गया. लोग बताते हैं कि बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से कभी भी जर्जर तार व पोल की मरम्मत नहीं कराई जाती है. पोल में लगी तार बिना किसी सेफ्टी गार्ड के वर्षो से लगी है. सेफ्टी गार्ड वायर नहीं होने से अक्सर तार गिरने से अफरातफरी मच जाती है. यही हाल रहा तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है. स्थानीय लोगो ने बीसीसीएल प्रबंधन से आमलोगो की सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल जर्जर पोल व तार को बदलने के साथ-साथ सेफ्टी गार्ड वायर लगाने की मांग की है.

### कोयला तस्करी को लेकर भिड़ंत मामले में दो प्राथमिकी दर्ज हुई

कतरास। अंगारपथरा ओपी क्षेत्र के कांटापहाड़ी में बुधवार देर कोयला तस्करों और स्थानीय लोगों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने दो प्राथमिकी दर्ज की है. घटना में जख्मी प्रवीण कुमार भुइयां की लिखित शिकायत के आलोक में पुलिस ने पंकज यादव, सोनू यादव, अमन यादव, ओमप्रकाश यादव को आरोपित किया है. इनलोगों के खिलाफ जातिसूचक शब्द का प्रयोग, जान मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगा है. दूसरी प्राथमिकी कृष्णा सिन्हा की लिखित शिकायत पर पंकज यादव, अमन यादव, ओमप्रकाश यादव, भोलु यादव, सोनू यादव, संतोष यादव, रूपल यादव सहित 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ हुई है. इनलोगों पर छिनतई, मारपीट, वाहन क्षतिग्रस्त करने का आरोप है. बता दें कि कोयले का अवैध कारोबार का विरोध करने पर धंधेबाजों ने प्रवीण की पिटाई की थी. जख्मी हालत में प्रवीण को अंगारपथरा ओपी ले जा रहे कृष्णा के साथ भी मारपीट कर उसके वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था.

## कांग्रेस ने मनाई राजेंद्र सिंह की पुण्यतिथि

# मजदूर हित में सदा समर्पित रहे राजेंद्र सिंह : संतोष सिंह

**खास बातें**

- सभी को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेने की है जरूरत : संतोष सिंह



संवाददाता। धनबाद

धनबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव कार्यालय ब्लैक रॉक होटल में पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया. मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने 2 मिनट का मौन रखा और उनके तैल-चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी. मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस के कद्दावर नेता, स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह मजदूर मसीहा थे. अपने राजनीतिक जीवन में बेरमो विधानसभा से लगातार छह बार विधायक रहे और अविभाजित बिहार में मंत्री रहने के साथ-साथ झारखंड सरकार में भी वे मंत्री रहे. वे संगठन के साथ-साथ मजदूरों के हित में सदा समर्पित रहे. उन्होंने कांग्रेस संगठन के साथ-साथ मजदूर हित मे उल्लेखनीय कार्य किए हैं. हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की दरकार है. मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चैयरमेन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड कांग्रेस की राजनीति में राजेंद्र प्रसाद सिंह कद्दावर नेता थे. वे झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता रह चुके हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल में राजेंद्र प्रसाद सिंह ऊर्जा मंत्री थे. स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह देश की मजदूर राजनीति के एक मजबूत स्तंभ थे.

# विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया

## कठिन परिश्रम से सफलता का परचम लहराया




संवाददाता। पुटकी

झारखण्ड इंटरमीडियट एजुकेशन काउंसिल की परीक्षा में जिले में विशिष्ट स्थान प्राप्त करनेवाले छात्रों को डीएम पब्लिक स्कूल परसिया, पुटकी द्वारा सम्मानित किया गया. शुक्रवार को छात्रों के सम्मान में विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया. विद्यालय की प्राचार्या डॉ गुंजन अरोरा ने जैक की इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में जिले में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत किया. प्राचार्य ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देते हुए विद्यालय द्वारा एक नए कदम की शुरुआत की गई है. छात्रों ने कठिन परिश्रम एवं दृढ़ लगन से सफलता का परचम लहराया है. खुशबू कुमारी (मुनीडीह) ने विज्ञान संकाय में 460 अंक तथा कॉमर्स में परिणीति कुमारी चिरुड़ीह( पुटकी) ने 456 अंक अर्जित कर जिले में तीसरे स्थान को प्राप्त किया है.

# चोरी की बिजली से ठेका का काम सहायक अभियंता को पता ही नहीं

## ठेकेदार की ओर से बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन दिया गया



संवाददाता। गोमो

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड गोमो कार्यालय की ओर से बिजली का कनेक्शन नहीं दिया गया. फिर भी पोल से तार जोड़कर करोड़ों की लागत से भवन निर्माण के कार्य में बिजली का उपयोग किया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार तोपचांची प्रखंड कार्यालय परिसर में करोड़ों रुपए की लागत से भवन का निर्माण किया जा रहा है. निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार की ओर से बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन दिया गया, लेकिन विभाग से स्वीकृति नहीं मिलने के बावजूद भवन निर्माण का काम दिनदहाड़े चल रहा है. ठेकेदार को बिजली उपयोग करने के लिए कनेक्शन जोड़ दिया गया है. बिजली से ठेकेदार मसाला का मिक्सर मशीन चला रहा है. लोहे की रॉड की कटाई भी की जा रही है. इस संबंध में मुंशी मोहन कुमार ने बताया कि बिजली कनेक्शन के लिए अप्लाई किया गया है. विभाग के लोगों ने कहा है कि आप काम कीजिये. चुनाव के बाद प्रक्रिया पूरी कर मीटर लगा देंगे.

### आम आदमी उपयोग करता तो विभाग करा देता एफआईआर

लोगों का कहना है कि आम आदमी अपने घरों में बगैर मीटर के बिजली का उपयोग नहीं कर सकता है. उसके खिलाफ बिजली चोरी की एफआईआर हो जाती है. जबकि ठेकेदार को कमर्शियल मीटर लगाने के बाद ही बिजली का उपयोग करना चाहिए. इस संबंध में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड गोमो कार्यालय के सहायक अभियंता संतोष मंडल ने कहा कि ठेकेदार की ओर से बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन दिया गया है. ठेकेदार बिजली का उपयोग कर रहा है, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है.

# जिला प्रशासन, आईएसएम के बीच मैत्री क्रिकेट मैच



संवाददाता। धनबाद

शुक्रवार की संध्या आईआईटी आईएसएम के मैदान में जिला प्रशासन एवं आईआईटी आईएसएम के बीच स्वीप एक्टिविटी के तहत मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया.जिला प्रशासन की ओर से व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन (कप्तान), वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, किशोर कुमार, संदीप कुमार, सारजेन मरांडी व अंकित गुप्ता टीम में शामिल रहे. वहीं आईआईटी आईएसएम की ओर से डीएन आचार्य (कप्तान), ऋषभ पांडे, सुमित चटर्जी, कमलेश कटारिया, साधन पाल, अभिषेक पांडे, दीपक शर्मा, राहुल प्रकाश केशरी, गौतम कुमार, अजीत कुमार, मनोहर कुमार तथा रंजीत कुमार टीम में शामिल थे. मैत्री क्रिकेट मैच के समापन पर सभी ने शनिवार को धनबाद में होने वाले लोकसभा चुनाव में जिले वासियों तथा आईआईटी आईएसएम के युवा वोटर्स को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की.

## ब्रीफ खबरें

### बोकारो:आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो पर एफएसटी की टीम ने आचार संहिता के उल्लंघन का एक मामला कसमार थाना में दर्ज कराया है. दर्ज प्राथमिकी में जयराम महतो पर चुनाव प्रचार की समय सीमा खत्म होने के बाद भी कसमार प्रखंड में रोड शो व बाइक रैली करने का आरोप लगाया गया है. आरोप है कि रोड शो के दौरान उनका काफिला कसमार होते हुए जब तक खैराचातर पहुंचा, तब तक शाम के छह बज चुके थे. खैराचातर से यह काफिला सिंहपुर, खुदीबेड़ा, पिरगुल होते हुए देर शाम को जरीडीह प्रखंड की भस्की पंचायत पहुंचा. एफएसटी के अधिकारी मुनिलाल मुंडा ने कसमार थाना में आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया है.

### साक्ष्य के अभाव में हत्या का आरोपी पति रिहा हुआ

**गिरिडीह।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश षष्टम एस एन सिकदर की अदालत ने पत्नी की हत्या का आरोपी अभियुक्त विजय रवानी को संदेह का लाभ देते हुए साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया. इस फैसला की सुनवाई के दौरान काफी संख्या में अभियुक्त के परिजन अदालत कक्ष के बाहर उपस्थित थे, जिन्होंने अदालत के फैसले पर खुशी जाहिर किया. इस मामले में देवघर जिला के मारगोड़ीह गांव के रहने वाले कामदेव रवानी ने 3 जून 2018 को ताराटांड़ थाना में अपने बेटी के ससुराल वालों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया था.

### सड़क किनारे मिला शव, हत्या की आशंका

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत करैयापहाड़ गांव निवासी मधु पहाड़िया (35) लाश केरिया पहाड़ गांव के आगे रानीडीह गांव के बगल सड़क में शव मिलने से सनसनी मच गई. वहीं बोरियो थाना क्षेत्र में शादीशुदा प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस ने रानीडीह गांव के बाहर सड़क किनारे खेत से मधु पहाड़िया युवक का शव बरामद किया है. वहीं बोरियो पुलिस ने आरोपित सूर्या पहाड़िया और उसकी पत्नी मंगली पहाड़िन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर रही है.

### पूर्व मुखिया के निधन पर शोक की लहर

**बोकारो।** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत बरईकला पंचायत के पूर्व मुखिया दुलाल मुंडा का निधन शुक्रवार हो गया. गुरुवार की शाम को तबीयत खराब होने पर उन्हें सदर अस्पताल, बोकारो में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान निधन हो गया. स्वर्गीय मुंडा 2010 और 2015 के पंचायत चुनाव में दो बार मुखिया निर्वाचित हुए थे. वे काफी नेकदिल और सरल इंसान थे, जिसके कारण लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे. बतौर मुखिया इनका 12 वर्षों का कार्यकाल भी काफी सराहनीय था. इन पर कभी किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगा. वह अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए. इधर उनके निधन की खबर सुनते ही गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, बैजनाथ महतो, पंसस दिलीप महतो,झबुलाल महतो समेत अनेक पंचायत प्रतिनिधि व अन्य लोग स्वर्गीय मुंडा के घर पहुंचे तथा श्रद्धांजलि दी.

### जलजमाव से लोगों को हो रही है परेशानी

**जमुआ।** जमुआ के इंदिरागांधी मैदान में जल जमाव से लोग परेशान हैं. मैदान के बगल में दर्जनों घर बने हैं, जल जमाव से लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बताया जाता है कि सड़क के एक तरफ पथ निर्माण विभाग से 6 माह पूर्व नाली का निर्माण कराया गया था, जिसमें संवेदक की लापरवाही से गुणवत्ता और पानी निकासी का ध्यान नहीं रखा गया. गांधी मैदान में पानी निकासी के लिए पुलिया बनाया गया था, जिसका निकासी के लिए नाली में जोड़ना था पर इसे अनदेखी कर आमजनों के परेशानी को बढ़ा दिया है. ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार सुबह मूसलाधार बारिश से मैदान में पानी भर गया और पानी निकासी के लिए बने नाली में इसे जोड़ा नहीं गया. स्थानीय ग्रामीण राजकुमार साहू, बिरेन्द्र राम गुप्ता, सहित दर्जनों लोगों ने पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों से निराकरण की मांग की है.

राजमहल में झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के लिए मांगा वोट

# भाजपा ने कुछ नहीं किया : कल्पना

संवाददाता। साहिबगंज



बोरियो प्रखंड के मंगरूटीकर फुटबाल मैदान में शुक्रवार को राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में चुनावी सभा का आयोजन किया गया. सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में लोगों से वादा किया था कि दो करोड़ नवयुवकों को रोजगार देंगे, मंहगाई खत्म करेंगे, विदेशों में छुपा काला धन वापस लाऐंगे, सभी गरीबों के खाते में 15 लाख डालेंगे लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ.

महंगाई व बेरोजगारी बढ़ी. कल्पना सोरेन ने सभा में जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा भी लगाया.

कल्पना सोरेन ने कहा कि इस राज्य के विकास में हेमंत सोरेन का काफी योगदान रहा है. कोरोना काल में विदेशों में फंसे मजदूरों को हवाई जहाज से अपने देश लाया. पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने बिना दोष के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजवाया. मोदी को पीएम की कुर्सी से हटाना है तो एक जून को तीर-धनुष में वोट दें. इस मौके पर जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो. नजरूल इस्ताम और अन्य लोग मौजूद थे. सभा का संचालन झामुमो जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने किया.

पालाजोरी में सीता सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा

# राज्य में ठगबंधन की सरकार: बाबूलाल

संवाददाता। पालोजोरी/देवघर



**खास बातें**

- एक बार फिर मोदी की सरकार बनाएं : मरांडी
- बहरूपियों से सावधान रहने की जरूरत : रणधीर सिंह

पालोजोरी प्रखंड क्षेत्र के जिवनाबांध पंचायत अंतर्गत घोरपराह के मैदान में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित करने को लेकर झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह स्टार प्रचारक के रूप में बाबूलाल मरांडी आगामी 1 जून को होने वाली अंतिम चरण के मतदान को लेकर दुमका लोस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में मतदान करने की अपील की. साथ ही उन्होंने कहा कि इंडिया गंठबंधन झामुमो की सरकार जो ठगबंधन की सरकार बन कर रह चुकी है. झारखंड में साढ़े चार साल के दरम्यान में झामुमो की सरकार लूट, खसोट व भ्रष्टाचार की सरकार बन कर रह गई. वर्तमान सरकार मनरेगा, खनन, बालू व जल, जंगल, जमीन बचाने के बजाय लुटने का काम किया. आज उनके मंत्री के पीए के नौकर के पास करोड़ों करोड़ों रुपए इडी के द्वारा निकाले जा रहे हैं. जबकि हमारे भाजपा के विरुद्ध लोग कई तरह के दुष्प्रचार करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उसके झांसें में नहीं आना है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि श के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करें और फिर एक बार देश में मोदी सरकार बनाने की अपील की. साथ ही उन्होंने मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों के समक्ष रखते हुए कहा कि फिर एक बार 400 पार मोदी सरकार बनाने को लेकर दुमका लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को जिताकर कर सांसद भवन भेजने का काम करें. जिससे हर क्षेत्र के लोगों को सर्वांगीण विकास हो सकेगा. वहीं इस मौके पर सारठ विधायक रणधीर कुमार सिंह ने कहा कि मुंख पर मुखोटा लगाएं बहरूपियों से सावधान रहें. साथ ही इस बार फिर से एक बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बना कर मोदी जी के हाथों को मजबूत करें. वहीं इस मौके पर देबू पौद्दार, धनंजय चौधरी, रामचंद्र यादव, तपन तिवारी, राजु पंडित, रंजीत राय, पिंटु हलदार, पिंटू मोदी, सुबल सिंह, ओंकार गोस्वामी सहित हजारों लोग मौजूद थे.

# 1581 केंद्रों पर आज डाले जायेंगे वोट

## डिस्पैच सेंटर से ईवीएम-वीवीपैट, सामग्री लेकर मतदान कर्मी रवाना



संवाददाता। बोकारो

**खास बातें**

- कुछ मतदान दल सीधे अपने मतदान केन्द्र के लिए हुए रवाना
- कई मतदानकर्मी तड़के सुबह मतदान केन्द्र पर होंगे रवाना

लोकसभा चुनाव अंतर्गत गिरिडीह एवं धनबाद संसदीय क्षेत्र के लिए शनिवार 25 मई 2024 को पूर्वाह्न 07 बजे से अपराह्न 05 बजे तक मतदान होना है. इसको लेकर जिला अंतर्गत कुल 1581 मतदान केंद्रों के लिए शुक्रवार को सेक्टर 08 बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल में बने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम-वीवीपैट, सामग्री उपलब्ध कराया गया. ईवीएम-वीवीपैट, सामग्री प्राप्त कर सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, मतदानकर्मी अपने अपने दल के साथ जिला अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों, ठहराव स्थल की ओर रवाना हो गए.

कुछ मतदान दल सीधे अपने-अपने मतदान केंद्रों को रवाना हुए, जबकि कुछ आज रात्रि ठहराव स्थल पर विश्राम कर कल तड़के सुबह अपने-अपने मतदान केंद्रों को रवाना होंगे.

ईवीएम-वीवीपैट सामग्री लेने के लिए डिस्पैच सेंटर में सुबह से ही सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान कर्मियों, पुलिस पदाधिकारी, जवान आदि पहुंचने लगे थे.

कर्मियों ने अपने-अपने क्षेत्र के लिए बने पंडालों में मतदान केंद्र वार लगाए गए टेबल पर बैठ कर ईवीएम, वीवीपैट सामग्री प्राप्त किया. इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव सामग्री के साथ मतदान कर्मी को बड़े छोटे वाहनों से मतदान केंद्रों व ठहराव स्थल की ओर रवाना किया गया.

### रवानगी तक मुस्तैद रहे पदाधिकारी

मतदान कर्मियों के रवानगी तक डिस्पैच सेंटर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया समेत सभी संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाची पदाधिकारी आदि मुस्तैद रहे. अपनी देख रेख में सभी मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया. इसके अलावा विभिन्न पंडालों के लिए बनाए गए वरीय पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ, सीओ, संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी आदि भी अपने दायित्वों के निष्पादन में कार्य समाप्ति तक डटे रहें. वहीं, गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबू एवं पुलिस प्रेक्षक मोहित चावला ने डिस्पैच सेंटर से मतदान दल रवानगी कार्य का जायजा लिया.

### 14,87,863 मतदाता करेंगे मतदान

बोकारो जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 14,87,863 है. इसमें पुरुष मतदाता 7,68,377, महिला मतदाता 7,16,839 , अन्य मतदाता 34 एवं सेवा मतदाता 2613 शामिल हैं. निर्वाचन के सफल संचालन को लेकर 25 जोनल मजिस्ट्रेट, 204 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 237 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है. जिले में 07 यूनिक मतदान केंद्र, 08 पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र एवं 37 पर्दानशी (महिला पी टू व पी थ्री) मतदान केंद्र बनाया गया है.

### 1581 मतदान दल रवाना

लोकसभा आम चुनाव के तहत डिस्पैच सेंटर से जिला अंतर्गत कुल 1581 मतदान दलों को विभिन्न मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया. जिसमें 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र के लिए 341 मतदान केंद्रों के लिए 341 मतदान दल, 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र के लिए 355 मतदान केंद्रों के लिए 355 मतदान दल, 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र के लिए 588 मतदान केंद्रों के लिए 588 मतदान दल एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए 297 मतदान केंद्रों के लिए 297 मतदान दल रवाना हुए.

### ड्यूटी के दौरान नाइट गार्ड की मौत

**डुमरी।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के करमाटोंगरी रेलवे गेट 12 सी के समीप हो रहे अंडर ग्राउंड पुल का निमार्ण कार्य में रात्रि प्रहरी (नाइट गार्ड) के रूप में काम करने वाले करमाटोंगरी निवासी कैलाश महतो 60 की मौत गुरूवार की देर रात कार्य स्थल पर हो गई. वहीं घटना की खबर सुन शुक्रवार को मंत्री पुत्र अखिलेश महतो राजू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो, जेबीकेएसएस केन्द्रीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो एवं निमियाघाट थाना एसआई उमर खान घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली. मंत्री पुत्र ने कार्य करा रहे संवेदक कोडरमा निवासी बिनोद कुमार से बात कर उचित मुआवजा देने की मांग की. खबर भेजे जाने तक शव घटनास्थल पर ही रखा हुआ था. आशंका जताया जा रहा है कि कोई जहरीला सर्प के काट लेने से कैलाश की मृत्यु हुई होगी. इधर मृतक के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा राहुल कुमार और बहू है.

### मेगा पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड के एचएसईएस और सीएसआर विभाग ने मिलकर शुक्रवार को एक मेगा पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया. 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से पहले मेगा पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम में 200 प्रतिभागियों में प्रेरणा ट्यूटोरियल, एक्सेल 30 सेंटर, तीरंदाजी अकादमी, वेदांता स्किल स्कूल, आस विद्यालय के छात्र, उनके अभिभावक, शिक्षक, जीविका एसएचजी की महिला उद्यमी और ईएसएल स्टील लिमिटेड के अन्य कर्मचारी शामिल रहे. कार्यक्रम में सौगत महतो, कंसल्टिंग एक्जीक्यूटिव, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संजय कुमार, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद थे. ईएसएल स्टील कंपनी की ओर से रवीश शर्मा (सीओओ, ईएसएल), आशीष रंजन (प्रमुख सीएसआर, पीआर, ईआर, ईएसएल) एवं के. संदीप (प्रमुख एचएसईएस, ईएसएल) ने भी भाग लिया. राकेश कुमार मिश्रा (उप प्रमुख, सीएसआर, ईएसएल), संजय कुमार (सीनियर ऑफिसर, पर्यावरण, ईएसएल) एवं सीएसआर और पर्यावरण टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे.

### ट्रेन से 40 बोतल अवैध शराब बरामद

**साहिबगंज।** शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर रामपुरहाट-गया पैसेंजर से आरपीएफ ने 40 बोतल अवैध शराब बरामद किया. हालांकि बरामदगी के दौरान कोई तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है. आरपीएफ ने अवैध शराब को जब्त कर अग्रेषित कार्यवाही करते हुए साहेबगंज एक्साइज विभाग को सौंप दिया है. आरपीएफ जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्लेटफॉर्म नम्बर संख्या एक में आये ट्रेन में छापेमारी करते हुए जनरल बोगी से पान मसाला के दो हैंड बैग से 20 -20 रॉयल स्टैग के कुल 40 बोतल अवैध शराब बरामद किया. कार्रवाई के दौरान पोस्ट कमांडर संजीव कुमार, आरपीएफ बरहरवा के सुपरविजन में सब इंस्पेक्टर लाल बहादुर मांझी, हेड कॉन्स्टेबल संजय कुमार व कॉन्स्टेबल चंदन कुमार राम ने संयुक्त रूप शामिल थे.

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**गांडेय।** गांडेय प्रखंड के गांधीनगर में स्थित मां कामख्या डायग्नोसिस्ट सेंटर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन नया सवेरा विकास केंद्र हजारीबाग के द्वारा किया गया. उक्त शिविर में जन्मजात कटे होठ एवं तालू का सभी उम्र के मरीजों का निःशुल्क इलाज इकिओ सिटी मेडिकल कॉलेज दुर्गापुर में किया जायेगा. बता दें कि आयोजित शिविर में कुल 18 मरीजों का जांच किया गया, जिसमें चार मरीज को पौष्टिक आहार दिया गया. उक्त मरीज को छह महीने तक लगातार पोस्टिक आहार दिया जायेगा. शेष 14 मरीज को सर्जरी के लिए दुर्गापुर स्थित इकियो सीटी मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क सर्जरी किया जायेगा. जहां पर मरीज को सभी सुविधा निःशुल्क उपल्बध कराया जायेगा. मौके पर उपस्थित मां कामाख्या डायगोनोस्टिक सेंटर के संचालक डॉ शंभू वर्मा, नया सवेरा विकास केंद्र के अध्यक्ष राम स्वरूप, चंद्रकांत दत्ता, तन्मय मंडल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

### उत्पाद विभाग ने 560 अवैध लीटर शराब जब्त की

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शुक्रवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने हरला थाना अंतर्गत वास्तेजी ग्राम के दामोदर नदी किनारे रानीपोखर पंचायत में संचालित अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की गयी. मौके से उत्पाद टीम ने 6,800 केजी जावा महुआ शराब एवं 560 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया. वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया. छापेमारी के क्रम में अभियुक्त छोटू बर्णवाल पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया. छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे.

बीडीओ ने योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक

# कूप निर्माण का कार्य जल्द पूरा करायें : महेन्द्र रविदास



संवाददाता। गावां

गावां बीडीओ महेंद्र रविदास ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शुक्रवार को दिन के 12 बजे कर्मियों के साथ योजनाओं की समीक्षा बैठक किया. इस क्रम में मनरेगा योजनाओं से संबंधित कार्यों का समीक्षा किया. मौके पर बीडीओ महेंद्र रविदास ने संबंधित कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया.

साथ ही उन्होंने कहा कि गांव में मनरेगा योजना से संबंधित कूप निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराएं, ताकि वर्षा होने से पहले योजनाओं को पूरा कराया जा सके. इसके साथ ही अधूरा पड़े आवास, पशु शेड, बकरी शेड, डोभा व तालाब सहित कई अन्य अधूरे योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का कार्य करें.

मजदूरी भुगतान ससमय हो इसका ध्यान कर्मी रखें. मजदूरों का मेंडेज बढ़ाएं. मजदूरों को गांव में ही काम मिले, जिसे लेकर प्राथमिकता के साथ योजनाओं को पूरा कराए. मौके पर बीपीओ भिखदेव पासवान, संदीप कुमार, राजेश कुमार, उत्तम कुमार, निशान्त टुडू, सतीश चौधरी, पप्पू राय समेत कई कर्मी मौजूद थे.

# वन विभाग ने खेत से जब्त की पांच ट्रैक्टर अवैध लकड़ी

## लकड़ी कारोबारी ने कागजात होने का किया दावा

संवाददाता। सरिया



सरिया-बगोदर वन प्रक्षेत्र के अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर चौधरीडीह के श्याम नगर के नजदीक एक खेत से पांच ट्रैक्टर अवैध लकड़ी जब्त किया है. इसमें दो ट्रैक्टर शीशम व गम्भार की लकड़ी को रेंज परिसर लाया गया.

जबकि शेष को जिम्मा नामा पर गांव में ही रखा गया है. लकड़ी की अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये के करीब बताई जा रही है.

रेंजर सुरेश राम ने बताया कि लकड़ी वन क्षेत्र में एक खेत में रखी गई थी. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार लकड़ी गांव के लकड़ी कारोबारी राजू विश्वकर्मा की है. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सारी लकड़ियां कई दिनों से वहां पड़ी थी, लेकिन कोई इसे अपना नहीं बता रहा था. तब किसी ने इसकी जानकारी विभाग को दी. लकड़ी जब्त करने गए वनरक्षी कुंदन कुमार ने बताया कि आदेश के बाद हमलोग उस स्थान पर गए तो वहां भारी मात्रा में लकड़ी पड़ी थी. इसमें जलावन लकड़ी के अतिरिक्त कीमती शीशम व गम्भार के कटिंग लकड़ी मिली. जिसे जब्त कर वन परिषर कार्यालय ले आया गया. इधर लकड़ी कारोबारी राजू विश्वकर्मा ने कहा की लकड़ी मेरी है, उसका कागजात विभाग के पास प्रस्तुत किया जाएगा.

# बूथ सजकर तैयार, अब मतदाता का इंतजार

## झारखंडी संस्कृति व तिरंगे की थीम पर सजा डीपीएस बोकारो मतदान केंद्र

**खास बातें**

- बूथ पर मतदाताओं के लिए दो सेल्फी प्वाइंट भी
- मतदाताओं के लिए शरबत की भी व्यवस्था की गयी है

संवाददाता। बोकारो



लोकसभा निर्वाचन 2024 के छठे चरण में शनिवार को बोकारो में होने वाले मतदान की तमाम तैयारियां पूरी हो चुकी है. शहर के सभी मतदान केंद्रों में वोटरों की सुविधा को लेकर हर आवश्यक व्यवस्था बहाल कर दी गई हैं. इसी कड़ी में नगर के सेक्टर 4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र को अनूठे अंदाज में सजाया गया है. मतदाताओं के स्वागत में रेड कार्पेट बिछाया गया है. खास बात यह है कि पूरा मतदान केंद्र झारखंड की परंपरा और संस्कृति के साथ-साथ तिरंगे के रंग में रंगा है. फूलों के गमले और आकर्षक कलाकृतियों की अनुपम साज-सज्जा के बीच कुल दो सेल्फी प्वाइंट्स लगाए गए हैं. सोहराय पेंटिंग और छऊ नृत्य की सजावट के साथ झोपड़ीनुमा आकर्षक सेल्फी पॉइंट लगाया है, जो वोटरों को खूब रिझायेगा.

विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार के निर्देशन में स्कूल के कर्मियों ने आकर्षक तरीके से पूरे मतदान केंद्र परिसर को सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी.

गेट पर स्वागत वंदन से लेकर अंदर बूथों में प्रवेश तक मतदान के प्रति जागरुकतापरक नारे लिखे गए हैं. यहां वोटरों के लिए विशेष रूप से शरबत की भी व्यवस्था की गई है. बता दें कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र के इस मतदान केंद्र में कुल पांच बूथ बनाये गए हैं.

सेक्टर 4 के विभिन्न इलाकों में रहने वाले वोटर यहां बूथ संख्या 267, 268, 269, 270 और 271 में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. प्रत्येक बूथ के प्रवेश द्वार के समीप इस बार प्रत्याशियों की फोटोयुक्त सूची और मतदान हेतु प्रयुक्त किये जा सकने वाले 12 दस्तावेजों की लिस्ट के अलावा ईवीएम से मतदान करने की चरणबद्ध प्रक्रिया, बूथ के भीतर क्या करें और क्या न करें, इन तमाम चीजों की जानकारी दी गई है.

# बेरमो में मनाई पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह की चौथी पुण्यतिथि

संवाददाता। कथारा(बोकारो)



बेरमो के विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के पूर्व मंत्री स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह के आवासीय कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया. जहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पूर्व विधायक ममता देवी, श्वेता सिंह आदि पहुंचे और स्व सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि स्व राजेंद्र बाबू मेरे पिता तुल्य अभिभावक थे. स्व राजेंद्र बाबू विराट व्यक्तित्व के धनी, राजनीति क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखने वाले, श्रमिक क्षेत्र के एक मजबूत स्तंभ, मजदूर एवं गरीबो के मसीहा थे. जारंगडीह स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में धनंजय त्रिवेदी ऊर्फ टिंकू पंडित, अनंत कुमार, सौरभ दुबे, संतोष मंडल, सुभाष गुप्ता, जितेन्द्र पासवान, अखिल चौधरी, कुवेंद्रम, आई जैक, ललित रजक, बसंत ओझा, सहित दर्जनों लोग मुख्य रूप से मौजूद थे.

पुण्यतिथि के अवसर पर बेरमो के जारंगडीह स्थित सामुदायिक भवन में बेरमो विधायक प्रतिनिधि सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कथारा क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस उर्फ बबलू के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र राम एवं संचालन मो सनाउल्लाह ने किया. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया. इसके बाद एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति प्रदान के लिए प्रार्थना किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**चरही।** चरही पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग के क्रम में एक होंडा एसपी 125 शाइन बिना नंबर प्लेट के चालक जाफर अंसारी (22), पिता मोकिम अंसारी, साकिन तुरांव, पंवता, थाना मुफ्फसिल, जिला हजारीबाग को पकड़ा गया है. पूछताछ के दौरान पाया कि उक्त मोटरसाइकिल चोरी की है, जिसको अपने सहयोगियों को बेचने के लिए चरही आया हुआ था. इस संदर्भ में चरही थाने मामला दर्ज किया गया है. अन्य अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है. छापेमारी दल में एएसआई सुरेंद्र एवं सशस्त्र बल चरही थाना शामिल थे.

### दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में रांची-पटना रोड स्थित हथियारी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया. मृतक की पहचान घाटो बैलगाडा बस्ती निवासी अमित कुमार के रूप में हुई, जबकि घायल अरुण राम का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि बाइक से दो युवक हजारीबाग शहर से अपने घर जा रहे थे. इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए. इस घटना में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया है.

### शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद का गठन

**हजारीबाग।** कोर्रा बाबू गांव स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को बाल सांसद का गठन किया गया. इसमें बहनों में अध्यक्ष कक्षा दशम की अमिषारानी, उपाध्यक्ष रिया कुमारी, सचिव सिंपल, सहसचिव भावना कुमारी एवं सेनापति सेजल भारती का, सहसचिव के रूप में दिया का चयन हुआ. भैया में अध्यक्ष नवम के तनयनंदन, उपाध्यक्ष अंकुर मंडल, सचिव सचिन पांडेय, सहसचिव अष्टम के दीपक, सेनापति अभिनव आनंद पाठक, सह सेनापति के रूप में अपूर्वानंद पाठक एवं दयानंद का चयन हुआ.

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार आज

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के तत्वावधान में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन शनिवार को होटल विनायक सभागार में किया जाएगा. उक्त जानकारी देते हुए कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि यह सेमिनार "सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड सीएसआर : द रोल ऑफ ऑपर्च्युनिटीज फोर ट्राइबल कम्युनिटीज़" विषय पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के 70 से भी अधिक पंजीकृत शोधार्थी अपना शोधपत्र प्रस्तुत करने के साथ अपने-अपने विचार भी रखेंगे.

### खेशकरी के पास अक्तो नदी पर बना पुल जर्जर

**जयनगर।** झुमरीतिलैया-जयनगर मुख्य मार्ग पर कटहाडीह खेशकरी के पास अक्तो नदी पर करोड़ों की लागत से बना पुल इन दिनों जर्जर होकर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है. पुल के दोनों साइड की रेलिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी है. पुल में लगे लोहे को चोर काट कर ले जा रहे हैं. बाबूलाल मरांडी जब इस प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब इस पुल का निर्माण हुआ था. इसके बाद आज तक कभी भी इसकी मरम्मत नहीं की गयी.

---

पोस्टर चिपकाकर 15 दिन में 15 लाख रुपये जमा कर रखने को कहा, पुलिस ने दो बाइक बरामद की, संदिग्ध युवक से पूछताछ जारी

# बड़कागांव में अज्ञात अपराधियों ने चार ट्रैक्टरों को आग के हवाले किया

**संवाददाता। बड़कागांव**

थाना क्षेत्र के हरली नागदेतारी गांव स्थित ब्रिज के पास अज्ञात अपराधियों ने गुरुवार देर रात लगभग 11:30 बजे भारत वर्कशॉप के पास सड़क किनारे खड़े चार ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया. इसमें दो ट्रैक्टर पूर्ण रूप से जल गया, जबकि दो ट्रैक्टर को आंशिक क्षति हुई है. ट्रैक्टर सुधीर कुमार, अमरीश कुमार, सुनील कुमार, छात्रधारी कुमार के बताए जा रहे हैं. ये सभी ग्राम मढ़ाईयाढाब पोस्ट गोसाई बालिया के निवासी हैं.

वहीं हरली के ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर जलाने के पश्चात अपराधी फरार हो गए. ट्रैक्टर के डाला में चार पोस्टर चिपकाए गए थे. घटना की जानकारी मिलते ही बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, हरली पंचायत के मुखिया कविता देवी, प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति से अवगत हुए. पुलिस ने अपराधियों की धर पकड़ के लिए कार्रवाई तेज कर दी है.

एक पीड़ित ट्रैक्टर मालिक ने बताया कि अपराधी चार बाइक में आए थे. एक बाइक में एक अपराधी और तीन बाइक में दो-दो अपराधी सवार थे. इनमें से एक रामगढ़ जिला के कोठार गांव के एक युवक को ग्रामीणों ने 12:30 बजे रात को बादम



से सटे राउतपारा के गांव के पास से एक लाल रंग की अपाची बाइक के साथ पड़कर पुलिस को सौंप दिया. उसके पास से एक एक्सोब्लेड, एक की पैड मोबाइल भी जब्त किया गया.

इसी दौरान ग्रामीणों द्वारा थोड़ी ही देर बाद उक्त स्थल पर, लगभग 1:30 बजे रात को बिना नंबर की काले रंग की पल्सर बाइक में सवार दो लोगों को पकड़ने का प्रयास किया गया, परंतु दोनों बाइक छोड़कर फरार हो गए. रात भर लोग उन्हें ढूंढते रहे लेकिन उनका सुराग नहीं मिला. अंततः पुलिस दोनों बाइक को बड़कागांव थाना ले गई. ग्रामीणों ने बताया काले रंग की पल्सर बाइक छोड़कर भागने के दौरान अपराधियों ने छोटा बैग फेंक गया, जिसमें एक बिना सिम का कीपैड मोबाइल, दो कारतूस व तरबूज पाया गया. अपराधी अपना बड़ा बैग लेकर फरार हो गए, जिसमें हथियार भी हो सकता था. पुलिस पकड़े गए संदिग्ध युवक को हजारीबाग के वरीय पुलिस पदाधिकारी के पास ले गई, जहां उससे गंभीरता से पूछताछ की गई.

### पोस्टर में किसी का नाम नहीं

घटना के दौरान अपराधियों द्वारा डाला में चिपकाए गए पोस्टर में किसी का नाम नहीं है, जबकि 14 और 17 मई को हुई दोनों घटनाओं में अमन साहू के नाम पर पोस्टर चिपका कर ट्रैक्टर यूनियन व ट्रैक्टर मालिकों से रंगदारी की मांग की गई थी, लेकिन अमन साहू के गिरोह के सदस्य मयंक सिंह ने कड़ी निंदा करते हुए घटना का तीव्र विरोध किया था. गुरुवार की रात की घटना के दौरान छोड़े गए पोस्टर में अपराधियों ने लिखा है कि 5- 6 दिन में ट्रैक्टर मालिक 15 लाख रुपये जमा करके रखेंगे, जल्दी ही उनसे संपर्क किया जाएगा. जब तक हमें पैसा नहीं मिल जाता है तब तक भारी नुकसान होता रहेगा. वहीं एक ट्रैक्टर मालिक ने बताया कि ट्रैक्टर यूनियन पिछले कई दिनों से भंग है. अभी कोई अध्यक्ष और सचिव नहीं है. हम लोग रोज कमाते खाते हैं. हम लोग ज्यादा क्या कह सकते हैं. बताते चले कि सांढ और कांडतरी में अब तक अपराधियों ने 12 ट्रैक्टरों को आग के हवाले कर दिया है. इसमें 7 ट्रैक्टर जलकर नष्ट हो गये. बाकी ट्रैक्टर को आंशिक क्षति हुई है.

---

चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में मचा हड़कंप

# 161 किलो डोडा और गांजा जब्त



- एक गिरफ्तार, बीते तीन महीनों के दौरान 60 अपराधियों को जेल भेज चुकी है चौपारण पुलिस

**संवाददाता। चौपारण**

थाना क्षेत्र में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा है. थाना प्रभारी दीपक सिंह की अवैध कार्य करने वालों पर की जा रही सख्ती खूब चर्चा हो रही है. वह बीते तीन महीने के दौरान 60 अपराधियों को जेल भेज चुके हैं.


इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार की रात्रि में पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली कि चौपारण थाना क्षेत्र के दुरागढ़ा गांव के निवासी कैलाश सिंह एवं बिट्टू सिंह अपने-अपने घरों में भारी मात्रा में डोडा एवं गांजा तस्करी करने के उद्देश्य से छिपाकर रखे हैं. इस पर पुलिस अधीक्षक ने डीएसपी बरही सुरजीत कुमार एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया और रात्रि में 3:00 बजे सर्वप्रथम कैलाश सिंह के घर की घेराबंदी की गई. पुलिस को देख घर से दो व्यक्ति निकल कर भागने लगे, जिनमें एक को खदेड़ कर पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा व्यक्ति भागने में सफल हो गया. पकड़ाये व्यक्ति ने अपनी पहचान कैलाश सिंह (50), ग्राम दुरागढ़ा, चौपारण बताई. वहीं भागने वाले व्यक्ति का नाम बिरेंद्र सिंह, सा.साहोर थाना-राजपुर जिला-चतरा बताया गया, जो कैलाश सिंह का दामाद है. कैलाश सिंह के घर की तलाशी लेने पर उसके मिट्टी खपरैल घर से 7 प्लास्टिक की बोरियों में भरकर रखे कुल 12 किलो 200 ग्राम डोडा एवं 4 प्लास्टिक की बोरियों में भरकर रखे कुल 35 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ. उसके बाद बिट्टू सिंह के घर में छापामारी के लिए घेराबंदी की गई तो वह घर से फरार हो गया. उसे पकड़ने के लिए पीछा किया गया, परंतु वह भागने में सफल हो गया. उसके घर की तलाशी ली गई तो 5 प्लास्टिक की बोरियों में भरकर रखे 25 किलो 200 ग्राम डोडा तथा 4 प्लास्टिक की बोरियों में 18 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ.

जांच के क्रम में पता चला कि कैलाश सिंह अपने दामाद और गांव के ही अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर अवैध रूप से गांजा, डोडा एवं अफीम लाकर जमा करता है और तस्करी करता है. उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के संदर्भ में चौपारण थाने मामला दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही सुरजीत कुमार, थाना प्रभारी दीपक सिंह, पुअनि निलेश रंजन, संजय कुमार सिंह, पुअनि बिंदेश्वर महतो, चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे.

## भगहर की सरकारी शराब दुकान अवैध तरीके से कठम्बा में संचालित

### मुखिया ने की हटाने की मांग, कहा-बसरिया के आमजन असुरक्षित

**चौपारण।** प्रखंड की बसरिया पंचायत के कठम्बा चौक पर संचालित शराब की सरकारी दुकान अवैध तरीके से चल रही है. ग्राहक को शराब दुकान भगहर के नाम से पर्ची मिलती है. सरकारी शराब की दुकान भगहर के बजाय बसरिया पंचायत के कठम्बा मोड़ पर बिना बोर्ड लगाए संचालित देखकर ग्राहक हैरान हो जाते हैं. वहीं मुखिया मंजू देवी कई जगहों पर लिखित शिकायत कर उक्त दुकान को आवंटित स्थल पर ले जाने की मांग कर चुकी हैं. मुखिया की जायज मांग पर न तो प्रखंड प्रशासन और न ही जिला प्रशासन किसी प्रकार की पहल कर रहा है. मुखिया ने कहा कि इस अनदेखी से बसरिया पंचायत के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. एक तरफ बसरिया के युवा वर्ग पढ़ाई-लिखाई छोड़कर गलत रास्ते पर भटक जा रहे हैं, वहीं दिन भर भगहर सहित बिहार के शराब खरीदार कठम्बा चौक पर अड्डा जमाये रहते हैं, जिससे स्कूली बच्चियों व महिलाएं भय के माहौल में आवागमन करने को विवश हैं.



#### मुखिया ने 15 दिन का दिया अल्टीमेटम

मुखिया मंजू देवी ने कहा कि आम अवाम द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद चौपारण के थानेदार दीपक कुमार सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है, लेकिन जबतक उत्पाद विभाग सरकारी शराब दुकान को अपने नियत स्थल पर नहीं ले जाता है तबतक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था दे पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है. मुखिया मंजू देवी ने उत्पाद विभाग को 15 दिन का समय देते हुए चेतावनी दी है कि अगर सरकारी शराब की दुकान को अपने नियत स्थल पर नहीं ले जाया गया तो बाध्य होकर जनांदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा. इस संबंध में उत्पाद विभाग के अधिकारी अमित कुमार से फोन से संपर्क किया तो उन्होंने फोन उठाना भी उचित नहीं समझा. वहीं बरही अनुमंडलाधिकारी जोहन टुडू ने संपर्क करने पर कहा कि आज छुट्टी है, दो दिन के बाद एक बार याद दिला दीजिएगा.

---

# टीपी सिंह व सादवल की मौत का मामला पकड़ने लगा तूल



- कांग्रेस नेता संजय तिवारी के बयान के बाद फिर चर्चा शुरू

**रंजना कुमारी। हजारीबाग**

जाने माने पत्रकार टीपी सिंह एवं सादवल कुमार की मौत की चर्चा फिर से एक बार शहर से लेकर गांव तक कोने-कोने में होने लगी है. इन मौतों को कोई हत्या बता रहा है तो कोविड महामारी को कारण बता रहा है. बीते दिनों कांग्रेस नेता संजय तिवारी ने टीपी सिंह और सादवल कुमार की मौत को संदिग्ध बताने के बाद उक्त मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ता जा रहा है. लोग दोनों पत्रकारों की मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं. इधर आरोग्यं अस्पताल के संचालक हर्ष अजमेर ने संजय तिवारी के बयान पर सफाई पेश की और प्रेस वार्ता कर कहा कि दोनों पत्रकारों की मौत कोविड संक्रमण के कारण ही हुई थी. उन्होंने इस संबंध में कई दस्तावेज भी मीडिया के साथ साझा किए.

दरअसल, पत्रकार टीपी सिंह और सादवल कुमार की मौत 28 अप्रैल 2021 में आरोग्यं अस्पताल में हो गई थी. बताया जा रहा है कि दोनों पत्रकारों को कोविड का लक्षण पाया गया था. इसके बाद परिजनों ने दोनों को आरोग्यं अस्पताल में 18 अप्रैल को भर्ती कराया था. परिजनों के अनुसार, आरोग्यं अस्पताल में तीन दिन तक टीपी सिंह और सादवल कुमार का इलाज चलता रहा. इसके बाद अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार दोनों के स्वास्थ्य में सुधार होने की बात परिजनों को 22 अप्रैल तक कही गई और फिर 23 अप्रैल को सादवल कुमार की मौत होने की खबर परिजनों को मिली. इसके बाद टीपी सिंह की भी तबीयत अचानक बिगड़ गई और 28 अप्रैल की रात उनकी भी मौत हो गई. अस्पताल के डॉक्टरों ने दोनों पत्रकारों कोविड से मौत होने की पुष्टि की थी.

### दो पत्रकारों की मौत का सच जानना चाहते हैं लोग

अब ऐसे में शहर में यह चर्चा है कि जब टीपी सिंह और सादवल कुमार की मौत कोविड संक्रमण से हुई थी, तो फिर यह नया बयान कैसे आ रहा है. आखिर सच्चाई क्या है? लोग सच्चाई जानना चाहते हैं. चर्चा यह भी है कि टीपी सिंह और सादवल कुमार एक ईमानदार पत्रकार थे. वह सही बात लिखते थे, जिसके कारण उनके कई दुश्मन भी दावपेंच खेल रहे थे. कहीं उनकी सचमुच हत्या तो नहीं हुई है, क्योंकि कोविड का दौड़ ऐसा था कि परिजन को भी मैरिज से दूर रखा जाता था. पोस्टमार्टम भी नहीं हो रहा था. कहीं दुश्मनों ने इसी का लाभ तो नहीं उठा लिया?

---

कोडरमा लोकसभा सीट पर है सीधा मुकाबला

# मतदान संपन्न होने के बाद मतों का आकलन करने में जुटे दल





**संवाददाता। जयनगर**

कोडरमा संसदीय क्षेत्र का चुनाव संपन्न होने के बाद नतीजों का इंतजार है. चुनाव मैदान में खड़े 15 प्रत्याशियों में जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा, यह हर कोई जानना चाहता है. लेकिन चुनावी चर्चा से यह बात निकल कर सामने आ रही है कि कोडरमा लोकसभा सीट पर सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी माले विधायक विनोद सिंह के बीच है. चुनाव में कोई तीसरा कोण बनने के बजाय सीधा मुकाबला है. चुनाव के बाद कार्यकर्ता हो या मतदाता जोड़ घटाव में लगे हैं. अब सभी दलों के नेता व कार्यकर्ता जोड़ घटाव कर अपने प्रत्याशी की जीत पक्की बता रहे हैं. चर्चा है कि अधिकतर जगहों पर दोनों प्रत्याशियों को वोट मिला है. ऐसे में टक्कर जबरदस्त रहेगी. उल्लेखनीय है कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी का एक-दो जगह विरोध का वीडियो भी वायरल हुआ, मगर वह मतदाताओं का दिल काफी हद तक जितने में कामयाब रही है. ऐसा चुनावी रुझानों से पता चल रहा है.

---

मेला और दूरदराज गावों से आए दर्शकों के लिए छऊ नृत्य का आयोजन

# चरही में नौ दिवसीय शिव-पार्वती मंडा पूजा का धूमधाम से समापन

**संवाददाता। चरही**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ दिवसीय आस्था का महापर्व शिव-पार्वती मंडा पूजा शुक्रवार को धूमधाम के साथ संपन्न हो गया. श्रद्धालुओं ने लगातार नौ दिनों तक लोटन सेवा पूजन करते रहे. इसकी शुरुआत 15 मई को पटभंगी पूजा से की गई थी. गुरुवार रात को शिव मंदिर में भक्तों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान शिव पर भभूत अर्पन किया. इसके बाद भगवान शिव पर अर्पित किये गए भभूत को पूरे गांव में वितरण किया गया.

इस अवसर पर पूजा कमिटी द्वारा मेला और दूरदराज गावों से आए दर्शकों के लिये छऊ नृत्य का आयोजन किया गया था. लोगों ने रात-भर मेले और नृत्य का आनंद लिया. शुक्रवार अहले सुबह शिव



भक्तों ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भक्ति का परिचय दिया. कार्यक्रम को संपन्न होने के बाद पुनः भक्तों ने शिव मंदिर में भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया. इसके बाद भक्तों ने अपनी-अपनी पीठ पर रस्सी से बंधे लोहे की मोटी-मोटी नुकीली कील को गुथवाकर 50 फीट ऊपर बने बनस झूले पर झूलकर पूजा को संपन्न कर पारण किया. मंडा पूजा को सफल बनाने में पूजा कमिटी के बासुदेव करमाली, उमेश सिंह, अजीत सिंह, भुनेश्वर ठाकुर, रमेश करमाली, सत्येंद्र नारायण सिंह, कुलेश्वर करमाली, किशुन महतो, बंगाली करमाली, शिव कुमार यादव, पाहन गोविंद भोक्ता, पुजारी ललन पंडित, मेघनाथ करमाली, उमेश ठाकुर, रविंद्र करमाली, जवाहर करमाली, सन्नी करमाली, बैजू करमाली, जंगल करमाली की अहम भूमिका रही.

---

# पतरातू पावर लीग के पहले सीजन का फाइनल तीन जून को

**संवाददाता। रामगढ़**

पीवीयूएन लिमिटेड की स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से क्रिकेट प्रशंसकों को एकजुट करने के लिए एक बड़ी पहल की गई है. पतरातू पावर लीग का पहला सीजन 21 मई से 3 जून तक, शाम 7 बजे से टाउनशिप ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है.

उद्घाटन समारोह में आरके सिंह, हेड ऑफ प्रोजेक्ट, अनुपम मुखर्जी, जीएम (प्रोजेक्ट), देवदीप बोस, जीएम (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. इसके अलावा कर्मचारियों के परिवार के सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद थे. इस भव्य आयोजन की शुरुआत आरके सिंह के उद्घाटन भाषण से हुई. उन्होंने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका मनोबल बढ़ाया. पतरातू पावर लीग में पांच टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी. इस सीजन में खेलने वाली टीमों में पलामू पैंथर्स, बेटला टाइगर्स, दलमा टस्कर्स, उधवा एविएटर्स और पारसनाथ वोल्व्स शामिल हैं. यह क्रिकेट लीग कर्मचारियों के बीच न केवल फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए, बल्कि एक परिवार के रूप में एकता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भी कराया जा रहा है.





---

गड़बड़झाला | एक ही तालाब का एक वर्ष में ही दो-दो योजना से निर्माण पर उठ रहे सवाल

# भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं में राशि का बंटरबांट

**संवाददाता। जयनगर**

भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं में जमकर सरकारी राशि का बंटरबांट किया जा रहा है. एक वर्ष पूर्व मनरेगा योजना के तहत बनाए गए अमृत सरोवर निर्माण में अब भूमि संरक्षण विभाग की ओर से गहरीकरण की योजना ली गई है. मामला तेतरोन पंचायत के अंबाडीह स्थित नौका आहार का है. जानकारी के अनुसार, नौका आहर में वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना अमृत सरोवर के तहत सुंदरीकरण के साथ निर्माण कराया गया था, जिसकी प्राक्कलित राशि 5 लाख रुपये थी. उक्त आहार का निर्माण कार्य मार्च 2024 में



लगभग 2 लाख रुपये निकासी के बाद योजना को पूर्ण रूप से क्लोज कर दिया गया. वहीं अप्रैल 2024 में उक्त नौका आहार में पुनः भूमि संरक्षण विभाग के तहत 18 लाख की राशि से गहरीकरण किया जा रहा है. एक ही तालाब का एक वर्ष में ही दो-दो योजना से निर्माण कार्य पर लोग सवाल उठा रहे हैं. सूत्रों की मानें तो उक्त आहार में अमृत सरोवर के तहत सौंदर्गीकरण का कार्य कागजों पर हुआ है. रोजगार सेवक विजय पंडित ने बताया कि मनरेगा के तहत वर्ष 2023-24 में योजना ली गई थी और अमृत सरोवर के तहत तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया था, जिसके लिए लगभग 2 लाख रुपये की राशि की निकासी हुई थी. काम नहीं करने पर मार्च 2024 में योजना को पुनः क्लोज कर दिया गया है.

### क्या कहती हैं पंचायत की मुखिया आशा देवी

पंचायत की मुखिया आशा देवी ने बताया कि मनरेगा अमृत सरोवर के तहत निर्माण कराया गया है. पंचायत के कुछ लोगों द्वारा तालाब को पुनः भूमि संरक्षण विभाग से गहरीकारण को लेकर आमसभा के पंजी में हस्ताक्षर करने को कहा जा रहा था. हमने हस्ताक्षर नहीं किया. बाद में लोगों ने उप मुखिया से आम सभा का हस्ताक्षर करा कर भूमि संरक्षण विभाग से नौका आहार तालाब का निर्माण कराया जा रहा है. मुखिया आशा देवी ने यह भी बताया कि उक्त आहार पर अमृत सरोवर के बोर्ड को लोगों द्वारा मिट्टी से ढक कर छुपा दिया गया है. और भूमि संरक्षण विभाग की योजना के तहत नौका आहार को गहरीकरण कराया जा रहा है.

---

# झारखंड राज्य यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेनेवाले खिलाड़ियों का चयन

**संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड राज्य यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता एमजीएमयूएचएस स्कूल, सेक्टर 4, बोकारो में 27 से 29 मई तक आयोजित होना है. इसमें रामगढ़ जिला बास्केटबॉल संघ बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों को भेजेगा. बालक वर्ग से तौसीफ फैजी, हिमांशु कुमार, आलोक कुमार मुरमू, अर्श मिश्रा, आयुष यादव, राजवीर कुमार, वैभव कुमार, अभिषेक कुमार सिंह एवं बालिका वर्ग से सपना कुमारी, शिल्पा रानी, इच्छा कुमारी, आयाम अदिति, निभा कुमारी, शंभवी सिंह शामिल हैं. सभी खिलाड़ियों का चयन संघ के अध्यक्ष बलजीत सिंह



बेदी, सचिव शशि पांडे, कमल नायक, राहुल पांडे ने किया है. 26 मई को बोकारो के लिए सभी खिलाड़ी प्रस्थान करेंगे. इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन नेशनल गेम के लिए किया जाएगा. मौके पर संघ के अध्यक्ष ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरी उम्मीद है कि ये खिलाड़ी बोकारो में आयोजित टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और रामगढ़ जिला का नाम रोशन करेंगे.

